अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 7 नवंबर 2023
कार्तिक कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO :02 MIDDLE

खेलकूद

प्रतियोगिता : एसआरएमएस में जोनल फेस्ट के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताएं सुबह 9 बजे से।

PAGE NO :07 TOP

जोनल खेल प्रतियोगिताओं में दम दिखाएंगे खिलाड़ी

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में डॉ. अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय की जोनल स्तरीय दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता मंगलवार सुबह नौ बजे शुरू होगी।

डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में बरेली और मुरादाबाद मंडल के साथ ही सीतापुर के प्रोफेशनल कोर्स (इंजीनियरिंग, फार्मेसी, बीआर्क, बीटेक, एमफार्मा, एमटेक, एमबीए, एमसीए) के 41 कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल होंगे।

महिला व पुरुष वर्ग की एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टीटी, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और शतरंज की स्पर्धाएं होंगी। अभी तक लगभग 450 खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एक व दो दिसंबर को लखनऊ में होगी। संवाद